भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2168

दिनांक 08 अगस्त 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एबी-पीएमजेएवाई के तहत धोखाधड़ी की जांच के लिए एआई का उपयोग

2168: श्री नीरज शेखरः

श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत धोखाधड़ी रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आज की तारीख तक लाभार्थियों को जारी किए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) से (ग): भारत सरकार आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत संदिग्ध लेनदेन/संभावित धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकों का उपयोग करती है। इन तकनीकों को स्कीम के लागू किए जाने में स्वास्थ्य परिचर्या धोखाधड़ी की रोकथाम, पता लगाने ओर निवारण के लिए उपयोग किया जाता है तथा ये पात्र लाभार्थियों के लिए उचित उपचार सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं। तकनीकी भागीदारों को एआई/एमएल का उपयोग करके धोखाधड़ी रोधी उपायों को तैयार करने और उनको परिनियोजित करने के लिए कार्य पर रखा जाता है।

दिनांक 1 अगस्त, 2023 तक की स्थिति के अनुसार, स्कीम के तहत कुल 24.33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्कीम के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

अनुलग्नक

एबी-पीएमजेएवाई के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	40,874
आंध्र प्रदेश	1,31,06,252
अरुणाचल प्रदेश	93,301
असम	1,60,63,937
बिहार	80,09,790
चंडीगढ़	1,57,731
छत्तीसगढ़	2,00,41,832
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	4,31,331
गोवा	28,431
गुजरात	1,76,63,786
हरियाणा	85,23,559
हिमाचल प्रदेश	11,35,675
जम्मू और कश्मीर	82,64,239
झारखंड	1,12,41,377
कर्नाटक	1,41,95,295
केरल	72,48,633
लद्दाख	1,34,515
लक्षद्वीप	26,190
मध्य प्रदेश	3,62,18,679
महाराष्ट्र	97,76,594
मणिपुर	4,89,373
मेघालय	18,19,920
मिजोरम	4,38,471
नगालैंड	6,00,519
पुदुचेरी	4,21,796
पंजाब	78,60,437

राजस्थान	1,09,49,199
सिक्किम	54,875
तमिलनाडु	45,40,231
तेलंगाना	72,36,809
त्रिपुरा	13,34,680
उत्तर प्रदेश	3,00,14,691
उत्तराखंड	51,51,774
कुल	**24,33,14,796**

नोट: दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एबी-पीएमजेएवाई को लागू नहीं कर रहे हैं।

*****